E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.in
Phone/Fax No :- 01372-252175

।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

पत्रांक 3506 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, जनवरी 19 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, थराली।

विषयः— **परखाल डुंग्री मोटर मार्ग के किमी0 8.00 से रा0इ0का0 पैंतोली राजकीय उद्यान विभाग पैंतोली होते हुए स्थान पैंतोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.471है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

संदर्भः— **इस कार्यालय की पत्र सं0 1809/12—1 दिनांक 05.12.2023.**

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र से भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून द्वारा चाही गयी सूचना में बिन्दु सं0 01 के सम्बन्ध में विस्तृत औचित्य सहित आख्या इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र से चाही गयी, परन्तु आपके द्वारा अपने पत्र सं0 2315/36सी0 दिनांक 05.12.2023 से अभी भी आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है जो भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून द्वारा चाही सूचना के अनुरूप सही नही है। जबकि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा उक्त मोटर मार्ग को देखने पर पाया गया कि प्रस्तावित लांभान्वित गांव पहले से ही मोटर मार्ग से जुड़े हुए दिखाई दे रहे है, जबकि गांव के अन्दर होकर वन भूमि को नुकसान पहुंचाकर 69 बांज के वृक्ष एवं कुल 102 वृक्षो को नुकसान पहुंचाते हुए एक सड़क का निर्माण किया जाना उचित नही है, के सम्बन्ध में विस्तृत औचित्य उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया है। परन्तु आपके द्वारा बिना प्रस्ताव का अवलोकन किये ही प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है, जिससे प्रस्ताव में विलम्ब हो रहा है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देहरादून द्वारा बिन्दु सं0 1 के सम्बन्ध में चाही गयी सूचना का गहनता से अध्ययन करते हुए स्पष्ट विस्तृत औचित्य पूर्ण आख्या के उपरान्त प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करे। ताकि प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

O/C

प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।